RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

अभी सिर्फ़ अप्रैल है, लगा उबलने खून।
इसके आगे है मई, बाद मई के जून।
बाद मई के जून, पड़ेगी असली वाली।
सब-कुछ देगी भून, जून की हीट निराली।
कह साहिल कविराय, रखें तबियत में नर्मी।
अभी रहे क्या कूद, अभी आनी है गर्मी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 88 | WEDNESDAY DATE 22-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 4 मई के बाद बंगाल को लूटने वालों का चुन-चुनकर होगा हिसाब : रेखा



» आसनसोल, यूटर्न/ 21 अप्रैल।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आसनसोल में भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल के समर्थन में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान रेखा गुप्ता ने बंगाल की जनता के बढ़ते आत्मविश्वास पर जोर देते हुए कहा कि राज्य की जनता अब भय और आतंक के साए से बाहर निकल रही है।

उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता 15 साल के अत्याचार और कुशासन के बाद अब विकास चाहती है। बंगाल की जनता भय और आतंक से निकल रही है। 15 साल में महिलाओं ने जो अत्याचार सहे, युवाओं ने बेरोजगारी का दंश झेला, पूरा बंगाल अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास चाहता है। एक-एक नागरिक ने यह फैसला कर लिया है कि बंगाल में अंधेरा हटेगा और कमल खिलेगा।

उन्होंने कांग्रेस, टीएमसी और सपा पर महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में साथ न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन पार्टियों ने महिलाओं का हमेशा अपमान किया है। मैं स्पष्ट रूप से कह सकती हूं कि आधी आबादी अब अपमान का बदला लेकर रहेगी। महिलाएं मतदान के जरिए विरोध की राजनीति को जवाब देंगी और आने वाले चुनाव में इन दलों को करारा जवाब देंगी।

## पश्चिम बंगाल में बदलाव की आहट, इस बार खिलेगा कमल

पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव को लेकर सियासी माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजी भी तेज हो गई है। इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल की स्थिति और वहां की राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर कई तीखे बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है, उनका विश्वास और मजबूत होता जा रहा है कि बंगाल की जनता इस बार बदलाव के मूड में है। उनका मानना है कि पिछले कई वर्षों से राज्य के लोग डर और भय के माहौल में जी रहे हैं और अब वे बदलाव चाहते हैं। रेखा गुप्ता ने यह दावा भी किया कि जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है और वह एक नई शुरूआत की उम्मीद कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। चुनाव परिणाम के बाद जो नया सवेरा आएगा, वह राज्य के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा, जिसमें हर नागरिक के लिए सम्मान, सुरक्षा और विकास की भावना होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी दृष्टि में भविष्य का बंगाल भयमुक्त और विकास आधारित शासन की ओर आगे बढ़ेगा। रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा टीएमसी सरकार पर भी कई गंभीर आरोप लगाए।



## पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू करवाएंगे, यह मोदी की गारंटी है: अनुराग ठाकुर

» कोलकाता, यूटर्न/ 21 अप्रैल।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के यूसीसी वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद यूसीसी लागू करेंगे और यह मोदी की गारंटी है।

कोलकाता में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आईएएनएस से बातचीत में ममता बनर्जी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 15 साल के शासन में टीएमसी ने बंगाल को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन का शिकार बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को बंगाल की जनता को टीएमसी से मुक्ति मिल जाएगी और 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी के पास 15 सालों का कोई हिसाब-किताब नहीं है, इसलिए वह डर और भ्रम फैला रही हैं। वह जनता को डराने की कोशिश कर रही हैं। यह उनका अपना डर और भ्रम है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार व्यभिचार को रोक नहीं पाई, युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई और उन्हें पलायन के लिए मजबूर कर दिया। हर बंगाली के ऊपर 77,200 रुपए का कर्ज चढ़ा दिया है और हर परिवार पर करीब 3 लाख रुपए का कर्ज है। अब जवाब न होने पर सीएम ममता बनर्जी झूठ की मशीन बन गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पालघर में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, हादसे में दो मजदूरों की मौत

**पालघर, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** महाराष्ट्र के पालघर में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना वाडा तालुका के अंतर्गत कोणसई गांव में मंगलवार दोपहर को घटी। जानकारी के अनुसार यहां एक अवैध रूप से संचालित सुतली बम निर्माण इकाई में जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरा इलाका थर्रा उठा। हादसे में मरने वाले दोनों लोग मजदूर बताए जा रहे हैं और पटाखा फैक्ट्री में काम करते थे। जबकि 4 से 5 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जिला पालघर आपदा प्रबंधन अधिकारी विवेकानंद कदम ने बताया कि यह विस्फोट लगभग दोपहर 12:00 बजे एक पुराने फार्महाउस में बनाए गए टीन शेड के अंदर हुआ, जहां सुतली बम तैयार किए जा रहे थे।

### आप है ड्रामा पार्टी और केजरीवाल उसके निर्देशकः बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आबकारी नीति से संबंधित मामले को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है और उसे ड्रामा पार्टी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उसका निर्देशक बताया है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि श्री केजरीवाल ने गत 13 मार्च को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष अर्जी लगाई और कहा कि 'हमें आप पसंद नहीं हैं, आप स्वयं ही इस मामले को त्याग दीजिए।' इसके बाद इस देश की न्यायपालिका के खिलाफ सोचा समझा षड्यंत्र शुरू हुआ। आप ने न्यायमूर्ति शर्मा के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण सोशल मीडिया पर अभियान चलाया तथा न्यायमूर्ति शर्मा और उनके बच्चों के खिलाफ आरोप लगाए गये।



### महाराष्ट्र में ईडी ने धन-शोधन मामले में 9.29 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 8(4) के प्रावधानों के तहत 9.29 करोड़ रुपये मूल्य की छह अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी की ओर से मंगलवार को जानकारी दी गयी कि ये संपत्तियां सुरेश कुटे, अर्चना कुटे और उनसे जुड़ी संस्थाओं के नाम पर थीं। इन संपत्तियों को पहले ईडी ने धन-शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 24 सितंबर, 2024 को जारी अंतरिम जब्ती आदेश संख्या 32/2024 के माध्यम से अस्थायी रूप से जब्त किया था। इस जब्ती की पुष्टि बाद में 3 मार्च, 2025 को निर्णायक प्राधिकरण द्वारा कर दी गई। यह जब्ती एक धन-शोधन जांच का नतीजा है, जो महाराष्ट्र के अलग-अलग थानों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी।

## तमिलनाडु में स्टालिन बेहद लोकप्रिय, विकल्प की जरुरत नहीं : केजरीवाल

» चेन्नई, यूटर्न/ 21 अप्रैल।




आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चेन्नई में मीडिया से बातचीत करते हुए तमिलनाडु की राजनीति और मौजूदा हालात पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने डीएमके और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की जमकर तारीफ की।

केजरीवाल ने कहा कि स्टालिन और उनकी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले पांच सालों में तमिलनाडु में काफी विकास हुआ है और जब भी देश में कोई बड़ा मुद्दा सामने आता है, स्टालिन की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठती है। उन्होंने तमिलनाडु की जनता से अपील की कि वे डीएमके गठबंधन का समर्थन करें। उन्होंने बताया कि सोमवार को उन्होंने और स्टालिन ने एक साथ रोड शो किया था, जिसे लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। उनके मुताबिक, स्टालिन एक बेहद लोकप्रिय नेता हैं और जनता उन्हें काफी पसंद करती है। स्टालिन और उनके रिश्ते भाई जैसे हैं और उनका समर्थन आगे भी जारी रहेगा।

भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि तमिलनाडु के लोग भाजपा की राजनीति को पसंद नहीं करते, इसलिए पार्टी राज्य में अपनी जगह नहीं बना पाई है।

## संकुचित मानसिकता के चलते विपक्ष महिला आरक्षण बिल में रोड़े अटका रहा : योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज बहनों के नेतृत्व में यह आक्रोश मार्च निकाला जा रहा है।

» लखनऊ, यूटर्न/ 21 अप्रैल।



महिला आरक्षण संशोधन विधेयक विपक्ष द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में भाजपा की ओर से लखनऊ में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ता और सीएम योगी आदित्यनाथ अपने आवास से निकलकर मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ विधानसभा तक पैदल पहुंचे। करीब 1.75 किलोमीटर की इस पदयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। विधानसभा के बाहर सड़क पर बने मंच से पदयात्रा में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज बहनों के नेतृत्व में यह आक्रोश मार्च निकाला जा रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के जन-विरोधी आचरण के कारण आज देश और प्रदेश की महिलाओं में भारी गुस्सा है। मोदी सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देना चाहती है लेकिन ये दल अपनी संकुचित मानसिकता के कारण रोड़े अटका रहे हैं।' सीएम योगी ने कहा, 'सपा-कांग्रेस और टीएमसी से महिलाएं नाराज हैं। देशभर में आक्रोश रैली निकल रही है। विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश में केवल चार जाति महिला, गरीब, युवा और किसान है।

## बंगाल में भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को बाहर करेंगे : अमित शाह

» आसनसोल, यूटर्न/ 21 अप्रैल।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री ने कुल्टी विधानसभा क्षेत्र से जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपनी पार्टी के वादों को दोहराया। इसके साथ ही टीएमसी सरकार पर जुबानी हमला बोला।

अमित शाह ने कहा, 'कुल्टी की जमीन का इस्तेमाल कभी ब्लास्ट फर्नेस के लिए किया जाता था। यहां से लोहा पूरे भारत में भेजा जाता था और दुनिया के कई देशों में निर्यात भी किया जाता था। ममता बनर्जी के कुशासन के कारण कुल्टी के वे फर्नेस बंद हो गए हैं। हम 'आयरन सिटी' का दर्जा एक बार फिर बहाल करने के लिए काम करेंगे। अवैध खनन को रोका जाएगा।' उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल का चुनाव बंगाल को घुसपैठिया मुक्त बनाने का चुनाव है। भाजपा सरकार बना दीजिए, बंगाल से एक-एक घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे। ममता के गुंडे कान खोलकर सुन लें, 23 अप्रैल को मतदान में जरा भी खलल डाला, तो 4 मई के बाद उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। ममता के गुंडों की बंगाल की जनता के सामने कोई मजाल नहीं है। ममता को बंगाल के युवाओं की चिंता नहीं है, वो अपनी जगह भतीजे को बैठाना चाहती हैं, लेकिन उनका सपना पूरा नहीं होगा। यह झूठ फैलाती हैं कि बंगाल में बाहर का मुख्यमंत्री आएगा। बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल में जन्मा, बंगाली बोलने वाला ही होगा। अमित शाह ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया में ममता दीदी और उनके प्रशासन ने कुछ गोरखाओं के नाम भी काट दिए हैं। कोई बात नहीं। सीटें तो वैसे भी हमारे पास ही आ रही हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे।

## संक्षिप्त खबरें




### पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू करवाएंगे, यह मोदी की गारंटी है: अनुराग ठाकुर

**कोलकाता, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के यूसीसी वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद यूसीसी लागू करेंगे और यह मोदी की गारंटी है। कोलकाता में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आईएएनएस से बातचीत में ममता बनर्जी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 15 साल के शासन में टीएमसी ने बंगाल को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन का शिकार बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को बंगाल की जनता को टीएमसी से मुक्ति मिल जाएगी और 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी के पास 15 सालों का कोई हिसाब-किताब नहीं है, इसलिए वह डर और भ्रम फैला रही हैं। वह जनता को डराने की कोशिश कर रही हैं। यह उनका अपना डर और भ्रम है।

### हीट वेव का बढ़ता असर, स्कूलों में बच्चों को ग्राउंड जाने पर पाबंदी

**नोएडा, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** नोएडा में भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार, तापमान में 21 अप्रैल से ही लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सुबह एवं शाम की आर्द्रता क्रमशः 37 और 20 प्रतिशत रही। इस दिन सतही तेज हवाएं चलने का पूवार्नुमान था, मगर असली चुनौती 22 अप्रैल से शुरू हो रही है। मौसम विभाग ने 22 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दिन अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 22 डिग्री रहने का अनुमान है। वहीं, आर्द्रता का स्तर 45 से 20 प्रतिशत के बीच रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे दिन हीट वेव रहेगी, खासकर दोपहर और शाम के समय हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। 23 अप्रैल को स्थिति और गंभीर हो जाएगी। अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मोदी से मिले सम्राट चौधरी, 'समृद्ध बिहार' पर हुई चर्चा

- प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई। पीएमओ की तरफ से पीएम मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच हुई मुलाकात की तस्वीरों को भी साझा किया गया है।



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ दिनों बाद सम्राट चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। सीएम बनने के बाद पहली बार सम्राट चौधरी राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। इस दौरान 'समृद्ध बिहार' पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई। पीएमओ की तरफ से पीएम मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच हुई मुलाकात की तस्वीरों को भी साझा किया गया है।

वहीं, सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। 'विकसित भारत और समृद्ध बिहार' के विजन पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री का स्नेह एवं सहयोग बिहार की प्रगति को नई गति प्रदान कर रहा है।''

सूत्रों के मुताबिक, बिहार सीएम के इस दिल्ली दौरे के दौरान राज्य में होने वाले संभावित मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हो सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें भाजपा कोटे से मंत्रियों के नामों पर अंतिम मुहर लग सकती है। वर्तमान में बिहार सरकार का मंत्रिमंडल अधूरा है और इसे जल्द से जल्द विस्तार देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। राज्य में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ने ही शपथ ली थी। जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय चौधरी को डिप्टी सीएम बनाया गया, जबकि भाजपा कोटे से अभी तक किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया।

बिहार में कुल 33 मंत्रियों का प्रावधान है, लेकिन अभी तक एक भी पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो सका है। ऐसे में नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती जल्द से जल्द कैबिनेट का विस्तार कर राज्य के विकास को गति देना है।

# नए वैश्विक माहौल में भारत-कनाडा व्यापार वार्ता का बढ़ा महत्व



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

भारत और कनाडा के बीच व्यापार वार्ता अतीत में दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण बाधित हुई थी, लेकिन इस साल मार्च में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के दौरान बातचीत फिर शुरू होने से दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक संबंध बनाने का नया मौका मिला है। यह बात कनाडा में भारत के पूर्व उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कही है। कनाडा में पूर्व उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने इंडिया नैरिटिव में एक लेख में कहा, 'कनाडा एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के इस दौर में उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक अमेरिका पर निर्भर है, जो अब एक रणनीतिक समस्या बनती जा रही है। ऐसे में कनाडा के लिए अपने व्यापार को विविध बनाना जरूरी हो गया है। इस संदर्भ में भारत न सिर्फ एक बाजार है, बल्कि एक लंबे समय का रणनीतिक साझेदार भी है।' उनका मानना है कि 2022 में अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट (ईपीटीए) की ओर बढ़ना एक व्यावहारिक कदम था, जिसकी पहले कमी थी। इसी आधार पर आगे चलकर एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीईपीए को एक बार में पूरा होने वाले समझौते के रूप में नहीं, बल्कि चरणों में आगे बढ़ने वाली प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। पहले चरण में ईपीटीए के तहत हुई बातचीत को मजबूत किया जा सकता है। इसके बाद निवेश सुरक्षा, डिजिटल व्यापार और नियामक सहयोग जैसे जटिल मुद्दों को धीरे-धीरे शामिल किया जा सकता है। कृषि, बौद्धिक संपदा और सरकारी खरीद जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बाद में चर्चा की जा सकती है, जब माहौल अनुकूल हो। लेख में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार अभी कम है, लेकिन बेहतर बाजार पहुंच और आसान नियमों से इसे बढ़ाया जा सकता है। सेवाओं का व्यापार पहले से मजबूत है और इसे आईटी, शिक्षा और प्रोफेशनल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में और बढ़ाया जा सकता है। कस्टम्स प्रक्रिया को आसान बनाकर व्यापार लागत कम की जा सकती है और प्रक्रिया को अधिक भरोसेमंद बनाया जा सकता है। लेख में यह भी बताया गया है कि दोनों देशों के बीच निवेश संबंध पहले से मजबूत हैं। कनाडा के पेंशन फंड और निवेशकों ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में बड़ा निवेश किया है, जबकि भारतीय कंपनियां कनाडा के सेवा क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही हैं। यह निवेश संबंध व्यापार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। हालांकि, निवेश को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए टैक्स और धन वापसी से जुड़े नियमों को और स्पष्ट व स्थिर बनाना जरूरी होगा।

# दिल्ली में 'नो गन्स, नो गैंग्स' अभियान जारी, नीरज बवाना गैंग के दो गुर्गे अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में दिल्ली पुलिस की द्वारका जिला यूनिट ने नीरज बवाना गैंग से जुड़े दो कथित सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किए हैं। यह कार्रवाई बिंदापुर पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने 'नो गन्स, नो गैंग्स' अभियान के तहत की, जिसका उद्देश्य इलाके में गैंग और अवैध हथियारों पर रोक लगाना है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस मिले हैं। इसके अलावा, एक कार और 12,000 रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान प्रदीप सिंह (31) और आशीष (32) के रूप में हुई है। दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि 15 अप्रैल को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मटियाला इलाके में जाल बिछाया और एक काली कार को रोका, जिसमें दोनों आरोपी सवार थे। तलाशी के दौरान पुलिस को इटली में बनी एक सेमी-ऑटोमैटिक ब्रेटा पिस्टल और चार जिंदा कारतूस मिले। इसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य संगठित अपराध पर रोक लगाना और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। मामले की आगे जांच जारी है, ताकि गैंग से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस ने बताया कि यह ऑपरेशन वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में किया गया।

# वाहन से होने वाले प्रदूषण पर विधानसभा सख्त, परिवहन मंत्री और आयुक्त को भेजा पत्र, मांगा हिसाब-किताब

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



दिल्ली में वाहन प्रदूषण पर विधानसभा ने सख्त रुख अपनाया है। लोक लेखा समिति (पीएसी) की रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त को पत्र भेजकर जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। विभागों से 31 दिसंबर 2026 तक किए गए काम का ब्योरा मांगा गया है, जिसे 31 जनवरी 2027 तक विधानसभा सचिवालय में जमा करना होगा। दिल्ली में वाहन जनित वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण विषय पर आधारित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट और लोक लेखा समिति (पीएसी) की तीसरी रिपोर्ट अब संबंधित विभागों को भेज दी गई है। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में परिवहन मंत्री, दिल्ली सरकार और परिवहन विभाग के सचिव सह आयुक्त को औपचारिक पत्र भेजा है। इसमें समिति की सिफारिशों पर समय पर कार्रवाई करने और प्रगति रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, विभागों को 31 दिसंबर तक किए गए काम की स्थिति स्पष्ट करनी होगी और 31 जनवरी तक कार्रवाई रिपोर्ट विधानसभा सचिवालय को सौंपनी होगी।

**विधानसभा अध्यक्ष ने रिपोर्ट पर जताई चिंता:** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वाहन प्रदूषण से निपटने के लिए सिर्फ छोटे कदम काफी नहीं हैं। इसके लिए सभी विभागों को मिलकर और तय समय सीमा में काम करना होगा। ऑडिट रिपोर्ट में कई ऐसी खामियां सामने आई हैं, जिन्हें अब दूर करना जरूरी है। रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था की कमियों पर चिंता जताई गई है। बताया गया कि कई जगह पर्याप्त मॉनिटरिंग स्टेशन नहीं हैं, सभी जरूरी प्रदूषकों की नियमित जांच नहीं हो रही और भरोसेमंद उत्सर्जन डेटा की कमी है। इससे सही नीति बनाने में दिक्कत आती है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में बसों की कमी, सीमित रूट कवरेज, कमजोर लास्ट माइल कनेक्टिविटी और रूट सुधार योजनाओं में देरी के कारण लोग निजी वाहनों पर ज्यादा निर्भर हो रहे हैं। इसका सीधा असर ट्रैफिक और प्रदूषण दोनों पर पड़ता है।

# सीडीएस अनिल चौहान की इंग्लैंड यात्रा, युद्धों के बदलते स्वरूप पर की चर्चा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने यूके यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को दिशा देने वाली उच्चस्तरीय बैठकों व कार्यक्रमों में शिरकत की है। इस दौरान उन्होंने यूके के रक्षा राज्य मंत्री ल्यूक पोलार्ड से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में आधुनिक युद्धों के बदलते स्वरूप, आधुनिक सैन्य चुनौतियों और सैन्य-से-सैन्य सहयोग को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। सीडीएस ने यहां इंडो-पैसिफिक मामलों की राज्य मंत्री सीमा मल्होत्रा के साथ भी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान भारत-यूके साझेदारी, रक्षा औद्योगिक रोडमैप और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा से जुड़े सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। खासतौर पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का मिलकर सामना करने के लिए दोनों पक्षों ने समन्वय बढ़ाने पर सहमति जताई।



# सीआईएसएफ आरजीटीपीपी खेदड़ में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 संपन्न

**अग्नि सुरक्षा केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि निरंतर सतर्कता और जिम्मेदारी का विषय : अशोक महेश्वरी**

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 21 अप्रैल। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई आरजीटीपीपी खेदड़ द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 का समापन समारोह गरिमामय एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि थर्मल खेदड़ के मुख्य अभियंता अशोक महेश्वरी के आगमन के साथ हुआ। जिसके पश्चात स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। सहायक कमांडेंट अग्नि विकास कुमार द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण सत्र, मॉक ड्रिल, विद्यालय एवं अस्पतालों में कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन उपकरणों की प्रदर्शनी एवं लाइव फायर डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें आधुनिक अग्निशमन तकनीकों एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।इस डेमोंस्ट्रेशन ने उपस्थित जनसमूह को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। इस समारोह में सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्रिल प्रतियोगिताएँ, क्विज, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता अशोक महेश्वरी द्वारा सीआईएसएफ थर्मल प्लांट खेदड़ में कार्यरत हेड कांस्टेबल गुरप्रीत कुमार के सुपुत्र पांचवी कक्षा के विद्यार्थी विजेता दिलताज सिंह को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता अशोक महेश्वरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, मुख्य अभियंता, आरजीटीपीपी खेदड़ अशोक महेश्वरी ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि निरंतर सतर्कता और जिम्मेदारी का विषय है। इस प्रकार के आयोजन हमें अपने सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करते हैं।

## कानपुर में हावी दबंग मारपीट के साथ फाड़ रहे पुलिस की वर्दी, रिपोर्ट दर्ज,एक गिरफ्तार

**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** एक समय ऐसा भी था, जब लोग पुलिस के एक कांस्टेबल को देखकर न केवल भयभत हो जाते थे बल्कि अपने घरों से बाहर निकलने का भी साहस तब तक नहीं करते थे जब तक वह पुलिस वाला चला नहीं जाता था। और उस समय गांव में रहने वालों की हालत तो और भी पतली हुआ करती थी। वहां तो कॉन्स्टेबल को छोड़िए, अगर केवल गांव का चौकीदार ही किसी गली से निकल जाता था तो पूरे गांव में दहशत सी फैल जाती थी, लेकिन बदलते समय के साथ आज हालात वैसे नहीं रहे। अब तो पुलिस के साथ ही मारपीट और वर्दी फाड़ने जैसी घटनाएं आएदिन अक्सर घटित होती रहती हैं। इसी आशय की पुष्टि करने वाली दो घटनाएं इस महानगर में भी हुई, जहां दबंगों ने ना केवल पुलिस के साथ मारपीट की बल्कि उसकी वर्दी भी फाड़ डाली।फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पहला मामला नजीराबाद थाना क्षेत्र का है जहांगाड़ी हटाने से जुड़ी एक घटना में पुलिस के साथ मारपीट और वर्दी फाड़ने की घटना हुई। यातायात सिपाही राकेश कुमार मिश्रा के अनुसार वह गुमटी स्थित बाटा चौराहा पर ड्यूटी पर तैनात थे। आरोप है कि बीच सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर चालक ने गाली-गलौज की और साथियों को बुलाकर मारपीट की। जिससे उनकी वर्दी फट गई। घटना के बाद आरोपित भाग निकले। इसी तरह की दूसरी घटना में पीआरवी सिपाही धीरेंद्र कुमा हर्ष नगर में विवाद की सूचना पर पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे थे।



## गुरु नानक पब्लिक स्कूल सिरसा के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरियाणा, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल , सिरसा के छठी कक्षा के छात्र आदित्य कुमार ने राज्य स्तरीय क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने 'बाल गंगाधर तिलक' विषय पर अपनी रचनात्मक कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा खूब सराहा गया। उनकी मेहनत, लगन और कलात्मक सोच के चलते उन्हें यह सम्मान हासिल हुआ। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। स्कूल प्रशासन ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और विद्यालय के शिक्षकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने बच्चों को सही मार्गदर्शन दिया।

# कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को ' संतुलित उर्वरक उपभोग '' पर किया जा रहा है , जागरूक

**मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन का स्तर चिंताजनक : वर्तमान में मध्यम से निम्न श्रेणी में लगभग 0.3 – 0.5 %**

**बेहतर फसल उत्पादन के लिए स्तर कम से कम 0.75% या अधिक होना चाहिए : डॉ सतपाल राठी**

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 21 अप्रैल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, उझा तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद -अटारी, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ 2026 अभियान के दौरान पानीपत जिले में 'संतुलित उर्वरक उपयोग' पर एक गहन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों को वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, डॉ. सतपाल सिंह, समन्वयक, केवीके उझा, पानीपत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग अपनाने के लिए प्रेरित करना, रासायनिक उर्वरकों पर अनावश्यक निर्भरता को कम करना, वैकल्पिक एवं सतत कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना, फसल नियोजन को सुदृढ़ करना तथा किसानों की क्षमता निर्माण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों को मजबूत करना है। उन्होंने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत गांव स्तर पर किसान गोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, खेत प्रदर्शनों एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उर्वरक विक्रेता तथा प्रमुख संस्थान जैसे इफको एवं एन. एफ .एल भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं, किसानों को यह विशेष रूप से सलाह दी जा रही है कि वे उर्वरकों का उपयोग केवल मृदा परीक्षण के आधार पर करें, जिसके लिए वे केवीके ऊझा, एनएफएल पानीपत की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पानीपत में अपनी मिट्टी एवं पानी की जांच करवा सकते हैं। वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार पानीपत जिले की मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन का स्तर वर्तमान में मध्यम से निम्न श्रेणी (लगभग 0.3झ0.5 प्रतिशत या उससे कम ) में पाया गया है, जबकि बेहतर फसल उत्पादन के लिए यह स्तर कम से कम 0.75 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिए, ऑर्गेनिक कार्बन को मिट्टी की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह पोषक तत्वों की उपलब्धता, जल धारण क्षमता तथा सूक्ष्मजीव गतिविधियों को बढ़ाकर फसल उत्पादकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, अभियान के दौरान किसानों को हरित खाद (ग्रीन मैन्योरिंग) के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है, जिससे मिट्टी में जैविक कार्बन की वृद्धि, नाइट्रोजन स्थिरीकरण, उर्वरक लागत में लगभग 20झ25 प्रतिशत तक कमी तथा दीर्घकालीन मृदा स्वास्थ्य में सुधार संभव है, इस संदर्भ में डॉ. सुनील कुमार, जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) ने किसानों को मृदा एवं जल नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी का नमूना 0-15 सेंटीमीटर गहराई से खेत के विभिन्न स्थानों से लेकर एक मिश्रित नमूना तैयार किया जाना चाहिए तथा पानी का नमूना स्वच्छ बोतल में एकत्र करना चाहिए ताकि परीक्षण के परिणाम सटीक मिल सकें.

## हिसार के डॉ जतिन वधवा बने 91 वें सेवा रत्न



**हरियाणा, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** सेवा में समर्पित प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठन अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक हिसार में हुई ।जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल जी ने की ।

बैठक में संघ के सभी वरिष्ठ सदस्यो की उपस्थिति में डॉ जतिन वधवा को सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया । डॉ वधवा पिछले 7 वर्षों से संघ के लिए कार्य कर रहे है ।इनकी निस्वार्थ सेवा एवं कार्यो को देखते हुए इन्हें सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया है । डॉ वधवा ने कहा कि इस सम्मान को पाकर उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है ,भविष्य में सेवा संघ जो भी कार्य य्या जिम्मेदारी मुझे दी जाएगी ,मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसे पूरा करने का प्रयास क्ररूँगा । इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सेवा गौरव विनोद धवन ने कहा कि हमे ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ताओ की आवश्यकता है जो पूरी ईमानदारी से सेवा प्रोजेक्ट में कार्य करें । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल,राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन संरक्षक डॉ योगेश बिदानी,प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र सपडा,संरक्षक महेंद्र सेतिया रामचन्द्र गुप्ता,संदीप भाटिया आकाश सैन, हिसार शाखा के अध्यक्ष विनोद गोयल,संजीव राजपाल,सेवा रत्न नरेंद्र ढुल मास्टर खुराना जी राजेश ,श्रीमती सुरुचि असीजा कोषाध्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता ,गौरव,विनोद,डॉ हेमंत आहूजा,दिनेश विजय रमेश आदि सदस्यों ने भी डॉ जतिन वधवा को बधाई दी ।

# श्रीकांत बंसल बंसल बने अग्रवाल वैश्य समाज युवा प्रदेश इकाई के सचिव

**अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की युवा प्रदेश इकाई का हुआ गठन : राजेश सिंगला**

**हिमांशु गोयल अध्यक्ष, मयंक गर्ग कार्यकारी अध्यक्ष एवं विकास बंसल को मिली महासचिव की जिम्मेवारी**

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 21 अप्रैल। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा युवा विंग को सशक्त और संगठित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर की गई हैं, जिनका उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ संगठन के राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करना है। जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि हिमांशु गोयल पंचकूला को अध्यक्ष नियुक्त करते हुए युवा टीम की कमान सौंपी गई है।उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मयंक गर्ग जींद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मुकेश सिंगला कैथल और रवि गर्ग (मोनू) को नियुक्त किया गया है, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में युगल गुप्ता सफीदों और निखिल बंसल टोहाना को दायित्व दिया गया है। महासचिव पद की जिम्मेदारी विकास बंसल करनाल को सौंपी गई है। वहीं सचिव पद पर आकाश चाचान सिरसा, उमेश अग्रवाल पुन्हाना, रोहित सिंगला लाडवा, राज अग्रवाल पंचकूला और श्रीकांत बंसल कुरुक्षेत्र को नियुक्त किया गया है। संगठन सचिव के रूप में उत्कर्ष गर्ग फरीदाबाद, अंशुल अग्रवाल पंचकूला, आकाश गर्ग और हर्ष मित्तल सिरसा को जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्तियों की घोषणा उपरांत युवा टीम प्रभारी नवदीप बंसल ने कहा कि नवगठित प्रदेश टीम युवा ऊर्जा, नवाचार और प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता के बल पर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।उन्होंने बताया कि प्रदेश टीम के गठन के साथ ही अब जिला एवं विधानसभा स्तर पर भी संगठनात्मक ढांचे को शीघ्र ही खड़ा किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर तक समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि युवा टीम की सभी इकाइयों के गठन के उपरांत उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास एवं इंटर्नशिप जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज की युवा पीढ़ी को न केवल वर्तमान चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके.

# राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा आज से, रक्षा औद्योगिक सहयोग और एआई-ड्रोन टेक्नोलॉजी पर रहेगा फोकस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-जर्मनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से मंगलवार से जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। इस यात्रा के दौरान, राजनाथ सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और जर्मन सरकार के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन चचाओं का केंद्र बिंदु रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना, सैन्य जुड़ाव का विस्तार करना और साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में नए अवसरों की खोज करना होगा। इस यात्रा के दौरान दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग के लिए एक कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।



यात्रा से पहले जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन समझौतों को रक्षा उपकरणों के संयुक्त विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# नीति बनी न तय हुई जिम्मेदारी, दिल्ली में पार्किंग बनीं जानलेवा, कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



राजधानी में पार्किंग का संकट सिर्फ अव्यवस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। सड़कों और गलियों में वाहन खड़े करने को लेकर बढ़ते विवाद हत्या तक पहुंच गए हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है, पार्किंग व्यवस्था का अलग-अलग एजेंसियों में बंटा होना और पूरे शहर के लिए एक स्पष्ट, सख्त और एकीकृत नीति का अभाव है। नगर निगम, एनडीएमसी, डीडीए और मेट्रो जैसी कई एजेंसियां अपने-अपने स्तर पर पार्किंग का संचालन कर रही हैं, लेकिन इनके बीच न तो समन्वय है और न ही एक समान नियम। नतीजा यह है कि राजधानी की सड़कें धीरे-धीरे नो-मैन्स-लैंड में बदलती जा रही हैं, जहां नियम से ज्यादा ताकत और विवाद हावी हो रहे हैं। योजना बनी पर अभी तक पूरी तरह नहीं हो पाई लागू... दिल्ली सरकार ने वर्ष 2019 में पार्किंग नियमों को अधिसूचित किया था और पार्किंग मैनेजमेंट एरिया प्लान जैसी व्यवस्था भी लागू करने की बात कही थी, लेकिन यह पहल अभी तक पूरे शहर में प्रभावी नहीं हो पाई है। राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में पार्किंग के अलग नियम, शुल्क और प्रबंधन प्रणाली देखने को मिलती है। स्थिति यह है कि जहां एक ओर कुछ क्षेत्रों में मल्टीलेवल और पेड पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है, वहीं बड़ी संख्या में वाहन अब भी सड़कों और गलियों में खड़े नजर आते हैं। खासकर रिहायशी इलाकों में लोगों की अपनी सुविधा को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई स्थानों पर लोग अपने घर के सामने ही वाहन खड़ा करना चाहते हैं, भले ही पास में निर्धारित पार्किंग स्थल मौजूद क्यों न हो। मल्टीलेवल पार्किंग परियोजनाएं या तो धीमी गति से चल रही हैं या फिर कई जगहों पर उपयोग के लिहाज से सफल नहीं हो पाई हैं। जहां पार्किंग बनाई भी गई, वहां ऊंचे शुल्क, खराब रखरखाव या असुविधाजनक लोकेशन के कारण लोग इस्तेमाल नहीं करते। पार्किंग क्षमता का कोई एकीकृत आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह व्यवस्था अलग-अलग एजेंसियों में बंटी हुई है।

# मीट कारोबारी पर की कार्रवाई तो फूड इंस्पेक्टर के चालक को पीटा

» **लोनी, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**




खुली मीट की दुकानों की शिकायत पर कार्रवाई करने गई खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पर सोमवार को मौलाना आजाद कॉलोनी में लोगों ने हमला कर दिया। मीट कारोबारी के साथ मिलकर भीड़ ने अधिकारी के चालक के साथ मारपीट की। कार्रवाई से नाराज लोगों ने खाद्य विभाग अधिकारी के साथ अभद्रता करते हुए कागजात छीनकर ले गए। मामले में महिला अधिकारी ने पुलिस को शिकायत दी है।

खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि वह सोमवार को मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस की शिकायत के निस्तारण के संबंध में लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की मौलाना आजाद कॉलोनी पहुंची थीं। इससे पहले वह पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई के लिए पहुंची थीं। शिकायतकर्ता ने जिलाबदर राजू कसाई की दुकान की आईजीआरएस पर शिकायत की थी। शिकायत में आरोप है कि मीट कारोबारी संरक्षित पशुओं का मांस बेचाता है। उनके कॉलोनी में पहुंचने पर दुकान संचालकों ने शटर गिराने शुरू कर दिए। इस दौरान शिकायतकर्ता राजू की दुकान मिलने पर वाहन चालक निखिल कुमार से कागजात मंगाए। आरोप है कि जब चालक उन्हें कागजात देकर जाने लगा तो राजू कसाई को बचाने के लिए पहुंचे लोगों ने उन्हें घेर लिया और हाथ से कागजात छीन लिये। कुछ दूर खड़े चालक के साथ लोगों ने मारपीट की। महिला अधिकारी से अभद्रता की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही हमलावर और राजू कसाई दुकान बंद कर मौके से भाग गए। उधर घटना की सूचना पर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर भी मौके पहुंचे।

एसीपी अंकुर विहार सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सूचना पाकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने बताया कि जिलाबदर द्वारा क्षेत्र में पशु का कटान कर बेचे जाने की शिकायत पर महिला अधिकारी मौके पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि एयर क्राफ्ट अधिनियम लगने के चलते क्षेत्र में मीट के होटल व मांस की दुकान नहीं होने चाहिए।

# इंदिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विष्टा सोसायटी में पानी के चार नमूने फेल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** इंदिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विष्टा सोसायटी में पानी की गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में सोसायटी से लिए गए छह पानी के नमूनों में से चार फेल पाए गए। इनमें सोसायटी के भूमिगत जल टैंक और घरों से लिए गए पानी के नमूने शामिल हैं। पानी में गंदगी पाई गई है।



जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि सोसायटी में दूषित पानी की आपूर्ति से बच्चों के बीमार होने की शिकायतें सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 10 अप्रैल को पानी के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे थे। जांच रिपोर्ट में पानी में गंदगी पाई गई। सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि सोसायटी प्रबंधन को पेयजल की गुणवत्ता सुधारने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। 10 दिन बाद फिर से नमूने लेकर जांच की जाएगी। एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि दूषित पानी पीने से पेट में दर्द, दस्त, उल्टी और त्वचा पर संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों और बुजुर्गों में इसके प्रभाव अधिक गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दूषित पानी के सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं, इसलिए इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। डॉ. रंजन ने कहा कि पानी उबालकर पीने या अच्छी क्वालिटी के फिल्टर से साफ करके ही उपयोग करना चाहिए। सोसायटी के निवासियों को बोतलबंद पानी का इस्तेमाल करने और खुले पानी से बचने की सलाह दी गई है।

# चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में 19 वर्षीय छात्र ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** नोएडा से एक बेहद दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई है, जहां सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के परिसर में एक 19 वर्षीय छात्र ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। घटना से अस्पताल परिसर और स्थानीय क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अवधेश कुमार पुत्र अवनीश कुमार के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद के ग्राम भिनगा का निवासी था।

बताया जा रहा है कि वह नोएडा के चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था और इसी दौरान वह अस्पताल परिसर में रह रहा था। घटना की सूचना दिनांक 21 अप्रैल को थाना सेक्टर-20 पुलिस को पीआरवी के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

## संक्षिप्त खबरें

### लाठी-डंडे, चाकू-रॉड ले घर में घुसे, हमले में बुजुर्ग महिला और दो बेटे घायल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में नशे के सेवन को लेकर की गई शिकायत के बाद एक परिवार पर चाकुओं और रॉड से जानलेवा हमला किया गया। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला सहित परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह सनसनीखेज घटना सोनिया विहार के चौथा पुश्ता क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास हुई। पीड़ित परिवार के घर के पास एक खाली जमीन है, जहां कुछ असामाजिक तत्व अक्सर नशा करने इकट्ठा होते थे। परिवार ने इसे लेकर पहले शिकायत की थी। जिसके बाद से ही वे लोग इस परिवार से रंजिश रखने लगे थे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब आरोपियों ने कथित तौर पर परिवार की खड़ी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद परिवार ने पुलिस में एक और शिकायत दर्ज कराई। जिससे आरोपी बौखला गए। आरोपियों ने कथित तौर पर अपने कई साथियों के साथ लाठी-डंडों, रॉड और चाकु लेकर जबरन घर में घुसे। उन्होंने बुजुर्ग मां और उनके दोनों बेटों अरुण और आर्यन पर हमला कर दिया। जिनमें से एक बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### साहब, पति की नौ गर्लफ्रैंड, 20 साल बाद अटैची में भरने की दे रहा धमकी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** पति की हरकतों से परेशान पीड़ित पत्नी ने शादी के 20 वर्ष बाद दहेज उत्पीड़न, अटैजी में भरकर हिंडन में फेंकने की धमकी देने और मारपीट करने का आरोप लगाकर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि उनकी शादी टप्पल अलीगढ़ में वर्ष 2005 में कौशांबी क्षेत्र में रहने वाले हेमंत गोयल से हुई थी। शादी के बाद पीड़िता को पति ने अपने माता-पिता के साथ छोड़ दिया। वह दोनों की सेवा करती रहीं और दो बेटियों को जन्म दिया। वर्तमान में एक बेटी 19 वर्ष की है तो दूसरी 15 वर्ष की। महिला का कहना है कि उसके पति की नौ महिला मित्र हैं। एक महिला मित्र ने उनके पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर जेल भेज दिया। पति ने पीड़िता को विश्वास में लिया और जमानत कराने की गुहार लगाई। कई माह बाद पति जेल से छूटे। आरोप है कि सास-ससुर की मौत होने पर पति ने कई महिला मित्र बना लीं। एक महिला मित्र का नाम बताया और धमकी दी कि उसे परिवार के साथ रखना होगा। विरोध करने पर पिटाई की गई।

# टीएचए में कम समय हो रही पानी की आपूर्ति, क्षेत्र के 50 हजार लोग परेशान



» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

गर्मी बढ़ते ही टीएचए के लोगों को पानी आपूर्ति मिलनी कम हो गई है। इससे आम लोगों की समस्याएं बढ़ती जा रही है। सोमवार को वैशाली सेक्टर-दो ब्लॉक ए और बी, कड़कड़ मॉडल, सूर्यनगर में कुल 10 से 15 मिनट ही पानी की आपूर्ति हो सकी। इससे लोग टंकियों में पानी स्टोर नहीं कर पाए। इससे 50 हजार लोगों को पानी किल्लत झेलनी पड़ रही है।

वैशाली सेक्टर-दो निवासी निशा शंकर ने बताया कि सुबह 7:15 पानी की आपूर्ति आई थी और 7:30 पर आपूर्ति बंद हो गई। उन्होंने बताया कि कुल 15 मिनट पानी आया और इसमें टंकी भी नहीं भर पाई। गर्मी में भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने जनसुनवाई पोर्टल पर की है। वहीं, कड़कड़ मॉडल के लोगों ने बताया कि यहां सुबह करीब 15 मिनट ही पानी की आपूर्ति हुई। जब तक मोटर चलाई पानी आना बंद हो चुका था। जितने समय पानी आया वह भी कम प्रेशर से ही आया। इलाके के दिनभर करीब 50 हजार लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासी अरुण तोमर ने बताया कि यह समस्या कोई एक दिन की नहीं है। इलाके में आए दिन इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं, सूर्यनगर में कई दिनों से कम समय पानी आने की समस्या बनी हुई है।

# कबूतर-कुत्तों को खाना खिलाने पर NDMC का शिकंजा अनुपालन रिपोर्ट में 2000 से अधिक बंदर पकड़ने का दावा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

राजधानी में बंदर, कबूतर और कुत्तों को खुले में खिलाने से होने वाली गंदगी और बीमारियों को रोकने के लिए बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक अधिकृत एजेंसी के माध्यम से अब तक 2000 से ज्यादा बंदरों को पकड़ा है। इन बंदरों को पशु चिकित्सकीय जांच के बाद सुरक्षित रूप से असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा गया है। कई स्थानों पर बंदरों को न खिलाएं के बोर्ड लगाए गए हैं और लंगूर के कटआउट भी लगाए जा रहे हैं। यह दावा एनडीएमसी ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में अपनी अनुपालन रिपोर्ट सौंपते हुए किया है।



रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले कबूतरों को खिलाने वाले स्थानों की पहचान की गई और वहां नियमित सफाई व्यवस्था शुरू की गई। साथ ही, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करते हुए जनवरी से मार्च 2026 के बीच कुल 76 चालान किए गए। इसमें जनवरी 2026 में 23, फरवरी 2026 में 14 और मार्च 2026 में 39 चालान किए गए। एसंबंधित इलाकों से बिना इजाजत सामान बेचने वालों को भी हटा दिया है। साथ ही, विभाग ने अपने इलाके में कबूतरों को दाना खिलाने के लिए कुछ जगहें तय की हैं और अपने फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए हैं।

**नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलाई जागरूकता:** एनडीएमसी अनुसार लके चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. मृगांक बोरा ने कहा कि विभाग एनजीटी के निर्देशों के गातार कार्रवाई कर रहा है और सफाई, जागरूकता और नियम पालन पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। एनडीएमसी इलाके में 15 से अधिक प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन अभियानों के जरिए लोगों को समझाया गया कि बंदरों को खिलाना उनकी आदत बदल देता है और यह इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकता है।

## कुत्तों को खिलाने के लिए नई व्यवस्था लागू

रिपोर्ट के अनुसार, कुत्तों को खिलाने के लिए भी एनडीएमसी ने नई व्यवस्था लागू की है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए)के साथ मिलकर 100 तय फीडिंग पॉइंट बनाए गए हैं, जहां लोग निर्धारित तरीके से ही कुत्तों को खाना खिला सकते हैं। इन स्थानों पर निर्देश बोर्ड लगाए गए हैं और साफ-सफाई के नियम भी लागू किए गए हैं। रिपोर्ट के साथ एनडीएमसी ने फोटो, चालान, सोशल मीडिया अभियान और अनुबंध से जुड़े दस्तावेज भी एनजीटी को सौंपे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लोगों ने बंदरों को पकड़ने से मिली राहत को स्वीकार किया है और कई लोगों ने शेष बंदरों को पकड़ने के लिए इस प्रक्रिया को दोहराने का अनुरोध किया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एप्पल के सीईओ बने जॉन टर्नस टिम कुक अब एग्जीक्यूटिव चेयरमैन



टिम कुक | जॉन टर्नस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** टेक्नोलॉजी दिग्गज एप्पल इंक. में एक बड़े नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की गई है। कंपनी के दूरदर्शी सीईओ टिम कुक इस साल अपने पद से हटेंगे और उनकी जगह हार्डवेयर प्रमुख जॉन टर्नस 1 सितंबर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुक जिन्होंने लगभग 15 वर्षों तक एप्पल का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया, अब एग्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका में कंपनी को अपनी सेवाएं देंगे। टिम कुक के कार्यकाल में एप्पल ने अद्वितीय ऊंचाइयों को छुआ। उनके नेतृत्व में कंपनी ने मैक और आईफोन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए हेल्थ सर्विसेज, स्मार्टवॉच और ईयरबड्स जैसे नए सेगमेंट में भी विस्तार किया। कंपनी की सालाना बिक्री 416 अरब डॉलर तक पहुंच गई और आज इसके पास 2.5 अरब से अधिक सक्रिय डिवाइस का विशाल उपयोगकर्ता आधार है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के रूप में कुक अब वैश्विक स्तर पर नीति निर्माताओं, सरकारों और रणनीतिक निर्णयों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। लंबे समय से चेयरमैन रहे आर्ट लेविंसन को लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर बनाया जाएगा। नए सीईओ 50 वर्षीय जॉन टर्नस, एप्पल के साथ 25 वर्षों से जुड़े हैं और 2021 से हार्डवेयर इंजीनियरिंग टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

# रक्षा मंत्रालय ने टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए 975 करोड़ रुपए के टीआरएडब्ल्यूएल असेंबली सौदे पर किए हस्ताक्षर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

भारतीय सेना की माइनफील्ड (बारूदी सुरंग क्षेत्र) भेदने की क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) और इलेक्ट्रो न्यूमैटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ करीब 975 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए टीआरएडब्ल्यूएल असेंबली एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इससे भारतीय सेना की बारूदी सुरंगों को भेदने की क्षमता में बड़ा सुधार होगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस उपकरण की मदद से बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्रों में सुरक्षित रास्ते बनाए जा सकेंगे, खासकर उन सुरंगों में जिनमें एंटी-टैंक माइन और मैग्नेटिक फ्यूज लगे होते हैं। इससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता और मजबूत होगी।



**रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस उपकरण की मदद से बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्रों में सुरक्षित रास्ते बनाए जा सकेंगे, खासकर उन सुरंगों में जिनमें एंटी-टैंक माइन और मैग्नेटिक फ्यूज लगे होते हैं। इससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता और मजबूत होगी।**

यह समझौता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में किया गया।

यह खरीद भारत के रक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे स्वदेशी उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। यह 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

बयान में कहा गया है कि इस परियोजना से एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और इससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

इस बीच, पिछले महीने रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो आधुनिक माउंटेन रडार खरीदने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ एक बड़ा समझौता किया था।

करीब 1,950 करोड़ रुपए का यह सौदा देश में रक्षा निर्माण को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते पर नई दिल्ली में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए थे।

31 मार्च को जारी मंत्रालय के बयान के अनुसार, 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ दो माउंटेन रडार, उनसे जुड़े उपकरण और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए लगभग 1,950 करोड़ रुपए का समझौता किया है। इससे भारतीय वायु सेना की क्षमताओं में और इजाफा होगा।

# मध्य पूर्व में तनाव के बीच 'वेट एंड वॉच' मोड में आरबीआई: गवर्नर संजय मल्होत्रा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक मध्य पूर्व में तनाव पर निकटता से नजर रख रहा है और भविष्य की ब्याज दरों फिलहाल वह कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। साथ ही कहा कि आपूर्ति में लंबे समय तक रुकावट रहने से भारत में व्यापक स्तर पर मुद्रास्फीति का खतरा है।

अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में अपने भाषण में मल्होत्रा ने कहा कि मौजूदा संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सीधा खतरा है, क्योंकि इस क्षेत्र की देश के व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया भारत के निर्यात का लगभग छठा हिस्सा, आयात का पांचवां हिस्सा, कच्चे तेल के आयात का आधा हिस्सा, उर्वरक आयात का दो-पांचवां हिस्सा और भारत को आने वाली रेमिटेंस में लगभग दो-तिहाई का योगदान देता है। उन्होंने कहा, 'वास्तविक चिंता दूसरे दौर के प्रभावों को लेकर है।' आरबीआई गवर्नर ने चेतावनी दी कि आपूर्ति में अचानक आई कमी, अगर जारी रही तो सामान्य मूल्यों में इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि आरबीआई ब्याज दरों को लेकर जल्दबाजी में नहीं है और 'वेट एंड वॉच' मोड में है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति आंकड़ों पर निर्भर रहेगी और जोखिमों के संतुलन का लगातार पुनर्मूल्यांकन करती रहेगी।

एमपीसी ने जून 2025 से तटस्थ रुख बनाए रखा है, जबकि उसी वर्ष फरवरी से ब्याज दरों में कुल 125 आधार अंकों की कटौती की गई है।

डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट पर बोलते हुए, आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अकेले मार्च में 22 अरब से अधिक लेनदेन दर्ज किए।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय बैंक अब छोटे किसानों और व्यवसाय मालिकों को तत्काल ऋण उपलब्ध कराने के लिए यूनिफाइड लोन इंटरफेस (यूएलआई) विकसित कर रहा है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा-से-जीडीपी अनुपात 2020-21 में 9.2 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 4.4 प्रतिशत हो गया है।

# भारत के एआई, फिनटेक और कंटेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश करेंगी दक्षिण कोरियाई कंपनियां




## लॉन्च किया 476 .4 मिलियन डॉलर का फंड

» **सोल/नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

दिग्गज दक्षिण कोरियाई कंपनी नावेर ने मंगलवार को कहा कि वह क्राफ्टन और मिराए एसेट ग्रुप जैसी कंपनियों के साथ मिलकर भारत के एआई, फिनटेक और कंटेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश करने के लिए 700 अरब वॉन (476.4 मिलियन डॉलर) का फंड बनाया है। नेवर के अनुसार, तीनों कंपनियों ने राष्ट्रीय राजधानी में यूनिकॉर्न ग्रोथ फंड (यूजीएफ) को भारतीय कंपनियों और वेंचर कैपिटल फर्मों से परिचित कराने के लिए एक कार्यक्रम का सह-आयोजन किया, जिसमें दक्षिण कोरियाई उद्योग मंत्री किम जंग-क्वान, नेवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चोई सू-येओन, क्राफ्टन के सीईओ किम चांग-हान और मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स इंडिया के उपाध्यक्ष स्वरूप मोहंती ने भाग लिया।

दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप के अनुसार, यूजीएफ की स्थापना इस साल की शुरूआत में क्राफ्टन द्वारा 200 अरब वॉन के निवेश के साथ की गई थी, जिसके बाद नेवर और मिराए एसेट ने संयुक्त रूप से 500 अरब वॉन का योगदान दिया। इन कंपनियों ने इस फंड को 1 लाख करोड़ वॉन तक बढ़ाने पर सहमति जताई है।

नेवर ने कहा कि इस फंड का उद्देश्य भारत में एआई, फिनटेक और कंटेंट क्षेत्रों में उच्च क्षमता वाली टेक्नोलॉजी कंपनियों में निवेश करना है।

चोई ने कहा, 'अपने बड़े आईटी टैलेंट और डायनामिक स्टार्टअप इकोसिस्टम के बल पर, भारत अपने एआई इंडस्ट्री इकोसिस्टम का विस्तार करते हुए ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'यूजीएफ उच्च विकास वाली तकनीकी कंपनियों में निवेश करने और तीनों कंपनियों की मुख्य क्षमताओं को मिलाकर तालमेल बनाने के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में कार्य करेगा।' इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने दक्षिण एशियाई देश में व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए भारत के टाटा समूह की आईटी इकाई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉलर की मजबूती से सोना फिसला, चांदी भी हुई सस्ती

**सोना 153,736 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 250,925 रुपए प्रति किलोग्राम**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मंगलवार के कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। डॉलर की मजबूती और निवेशकों द्वारा की गई मुनाफावसूली के चलते सोने के दाम गिरे हैं। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की ऊँची कीमतें भी सोने पर दबाव डाल रहीं हैं। चांदी की कीमतों में भी नरमी देखी गई। सुबह 10:30 बजे के आसपास एमसीएक्स पर सोने का जून वायदा 207 रुपए गिरकर 153,736 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी का मई वायदा भी 1,620 रुपए की कमजोरी के साथ 250,925 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ते अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की ऊँची कीमतें सोने-चांदी को अस्थिर बनाए हुए हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल का व्यापार डॉलर में होने से, इसकी बढ़ती कीमतें डॉलर की मांग बढ़ाती हैं, जिससे सोने पर दबाव आता है। ब्रेंट क्रूड लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जो बाजार की चिंताओं को बढ़ा रहा है। फरवरी के अंत में अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने के बाद से सोने में लगभग 9 फीसदी और चांदी में 14 फीसदी की गिरावट आई है, क्योंकि डॉलर एक सुरक्षित निवेश के रूप में उभरा है।

### रुपया शुरूआती कारोबार 16 पैसे टूटकर 93.32 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.32 पर आ गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिकी डॉलर के स्थिर रुख और केंद्रीय बैंक के भारतीय मुद्रा पर सट्टेबाजी पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने से रुपये पर दबाव बढ़ा। भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए एक अप्रैल को जारी किए गए निर्देशों को आंशिक रूप से सोमवार को वापस ले लिया। बैंकिंग नियामक ने गैर-वितरणीय 'फॉरवर्ड' बाजारों में शुद्ध खुली स्थिति की सीमा 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर तय की थी और बैंकों को 10 अप्रैल तक इसका पालन करने का आदेश दिया था।

# स्कोडा कोडियाक की खरीदी पर मिल रही आकर्षक छूट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

कार निर्माता कंपनी स्कोडा ऑटो अपनी प्रीमियम एसयूवी स्कोडा कोडियाक पर चालू महीने में आकर्षक छूट प्रदान कर रही है। कंपनी अपनी इस गाड़ी पर कुल रुपये 3.50 लाख तक का लाभ दे रही है। स्कोडा ऑटो द्वारा वर्ष 2025 मॉडल की कोडियाक पर रुपये 2 लाख तक की सीधी नकद छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, ग्राहक रुपये 50,000 तक का एक्सचेंज बोनस और रुपये 1 लाख तक के अन्य विशेष लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे कुल बचत रुपये 3.50 लाख तक



पहुंच जाती है। वहीं, नए वर्ष 2026 मॉडल पर भी विभिन्न लाभों को मिलाकर लगभग रुपये 50,000 तक की छूट उपलब्ध है। स्कोडा कोडियाक की कीमत भारतीय बाजार में लगभग रुपये 39.99 लाख से शुरू होकर रुपये 46.49 लाख तक जाती है, जो इसे प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। इस एसयूवी में 2.0 लीटर का चार-सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो लगभग 201 ब्रेक हॉर्स पावर की शक्ति और 320 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। यह इंजन सात-गति स्वचालित गियर प्रणाली और चारों पहियों को शक्ति देने वाली प्रणाली (ऑल-व्हील ड्राइव) से जुड़ा है, जिससे यह वाहन हर प्रकार के रास्तों पर शानदार और संतुलित प्रदर्शन करता है। नए संस्करण में इस एसयूवी की लंबाई बढ़ाई गई है, जिससे केबिन में बैठने वालों को अतिरिक्त स्थान और आरामदायक अनुभव मिलता है, विशेष रूप से दूसरी और तीसरी पंक्ति के यात्रियों के लिए लंबी यात्राएं अधिक सुखद हो जाती हैं। आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस, कोडियाक में एक बड़ा स्पर्श-आधारित सूचना-मनोरंजन तंत्र, डिजिटल चालक प्रदर्शन स्क्रीन, तीन-क्षेत्रीय तापमान नियंत्रण और चारों ओर देखने की सुविधा देने वाला कैमरा शामिल है। उच्च संस्करणों में आगे की सीटों पर गर्माहट, ठंडक, मालिश और मेमोरी जैसी उन्नत सुविधाएं भी मिलती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगों ने 3 लोगों से ठग लिए 2.42 लाख रुपये

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले 3 लोगों से 2.42 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में एक महिला भी शामिल है। ठगों ने क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर समेत अन्य बहानों से ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत एनआईटी इलाके के सतीश कुमार ने दी है। इनका कहना है कि 23 मार्च को इनके एक्सिस बैंक खाते से इनकी जानकारी के बगैर ही 70500 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। आरोप है कि इन्होंने न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया। इसके बावजूद ठगी कैसे हुई, समझ नहीं आ रहा। दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-37 की रहने वाली महिला ने दी है। इनका आरोप है कि 8 अप्रैल को अज्ञात ने इनके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से 79999 रुपये की फर्जी ट्रांजेक्शन कर ली। आरोप है कि क्रेडिट कार्ड के जरिये आईफोन 17 खरीदा गया है। ट्रांजेक्शन के मैसेज से इन्हें ये पता चला।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत सेक्टर-7 निवासी व्यक्ति ने दी है। आरोप है कि 14 मार्च को उन्होंने फेसबुक पर एक बैंक के क्रेडिट कार्ड का विज्ञापन देखा।

### फरीदाबाद में बेकाबू सांड का आतंक, कई घायल, एक की मौत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** सेक्टर-16ए बाजार में शनिवार देर रात एक बेकाबू सांड ने जमकर उत्पात मचाया। सांड ने बाजार में मौजूद कई लोगों को टक्कर मार दी, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए, जबकि एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड अचानक अनियंत्रित हो गया और वहां मौजूद लोगों पर हमला करने लगा। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही सेक्टर-16 पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता निशांत माथुर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद सांड को काबू में किया गया।

# राजधानी में बारिश की हर बूंद बचाने की तैयारी

## रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सख्ती से किया जाएगा लागू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



राजधानी में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सख्ती से लागू किया जाएगा। सबसे पहले सरकारी इमारतें कवर की जाएंगी। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली सचिवालय में 60 से अधिक विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सरकारी इमारतों, पार्कों, कॉलोनियों और संस्थानों में मानसून से पहले सिस्टम लगाना और चालू हालत में रखना जरूरी होगा। जल मंत्री ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में बैठक कर कहा कि शहर में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग को अब सिर्फ नियम नहीं, बल्कि जमीन पर लागू व्यवस्था बनाया जाएगा। इसमें दिल्ली और केंद्र सरकार के 60 से अधिक विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैच द रेन अभियान के तहत दिल्ली में हर बूंद को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली में हर साल अच्छी बारिश होती है, लेकिन उसका बड़ा हिस्सा नालों से बहकर निकल जाता है। अगर इस पानी को जमीन में उतारा जाए तो भूजल स्तर सुधर सकता है और गर्मियों में पानी की किल्लत कम हो सकती है। साथ ही मानसून के दौरान जलभराव की समस्या में भी राहत मिलेगी।

निर्देश दिए गए कि सरकारी दफ्तरों, पार्कों, रिहायशी कॉलोनियों और संस्थागत परिसरों में मानसून शुरू होने से पहले रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं। जहां सिस्टम पहले से मौजूद हैं, उन्हें पूरी तरह चालू हालत में लाया जाए। सरकारी भवनों को पहले उदाहरण पेश करना होगा। इसके बाद निजी क्षेत्र और आम नागरिकों की भागीदारी तय होगी। बड़े प्लॉट, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और संस्थागत परिसरों पर खास ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि वहां ज्यादा पानी जमीन में उतारा जा सकता है।

### दिल्ली जलबोर्ड नोडल एजेंसी

दिल्ली जल बोर्ड को इस अभियान की निगरानी और क्रियान्वयन में केंद्रीय भूमिका दी गई है। बोर्ड सिस्टम लगाने में सहयोग करेगा और आर्थिक प्रोत्साहन भी देगा। जिन भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे होंगे, उन्हें 10 फीसदी छूट दी जाएगी। वहीं जिन जगहों पर सिस्टम नहीं लगे होंगे या उनका रखरखाव नहीं होगा, वहां यह लाभ वापस लिया जा सकता है।

### पानी बचाना सबकी जिम्मेदारी : प्रवेश साहिब सिंह

मंत्री ने कहा, अब तक भवन स्वीकृति के समय रेनवॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य तो थी, लेकिन जांच की कमी से नियमों का पालन कमजोर रहा। इसे देखते हुए अब सख्त सत्यापन व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके साथ ही सेल्फ डिस्क्लोजर सिस्टम भी शुरू होगा, जिसमें संपत्ति मालिक हर साल यह घोषणा करेंगे कि उनका सिस्टम चालू है। सरकार जल शक्ति केंद्रों के जरिए लोगों को जागरूक भी करेगी।

### कान की खुजली बन रही गंभीर समस्या, अस्पताल में बढ़े मरीज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** बढ़ती गर्मी और नमी के बीच कान में होने वाली खुजली अब लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है। जिला नागरिक अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो कान में उंगली या नुकीली वस्तु डालकर खुजलाने के कारण संक्रमण और चोट का शिकार हो रहे हैं।

अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों ने बताया कि शुरूआत में उन्हें हल्की खुजली महसूस होती है, जिसे वे सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। सेक्टर-3 निवासी राजीव ने बताया कि उन्हें कई दिनों से कान में खुजली हो रही थी।

राहत पाने के लिए उन्होंने माचिस की तीली का इस्तेमाल किया, जिसके बाद कान में तेज दर्द और सूजन हो गई। वहीं, एनआईटी क्षेत्र से आईं पूजा देवी ने बताया कि उन्होंने पिन से कान खुजलाया, जिसके बाद कान से पानी निकलने लगा और सुनने में भी दिक्कत आने लगी। जिला नागरिक अस्पताल की ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्ना प्रिया ने बताया कि ओपीडी में रोजाना करीब 250 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें 30 से 40 मरीज कान के संक्रमण से संबंधित होते हैं। उन्होंने कहा कि कान में खुजली होने पर लोग अक्सर लापरवाही करते हैं और नुकीली वस्तुओं का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कान के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं, जब संक्रमण बढ़ चुका होता है और इलाज में अधिक समय लग जाता है। कान में बार-बार होने वाली खुजली को नजरअंदाज न करें और न ही किसी नुकीली वस्तु से खुजलाएं, इससे संक्रमण बढ़ सकता है और सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

डॉ. रत्ना प्रिया, ईएनटी रोग विशेषज्ञ

## बरामद नशीले पदार्थ किये नष्ट

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों से बरामद किये गए मादक पदार्थों को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता वाली ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने नष्ट किया। ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न थानों की 203 एफआईआर में बरामद 568 किलोग्राम गांजा, 24,214 कैप्सूल, 30.66 ग्राम हेरोइन, 14.368 किलोग्राम पोपी हस्क, 1080 प्रतिबंधित टैबलेट व 101 इंजेक्शन मादक पदार्थों को गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना में आग में नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान नशीले पदार्थ को पुलिस आयुक्त ने अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवाकर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत गवाहों के सामने आग के हवाले करवाया।

नष्ट किये गए मादक पदार्थों के मामले वर्ष 2023-2025 से संबंधित हैं। इस दौरान गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति विनोद कुमार ब्लॉक पार्षद, वीरेंद्र सरपंच गांव जसाना मौजूद रहे। फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ने आमजन से अपील है कि मादक पदार्थ बेचने वाले की सूचना हेल्पलाइन नंबर 9050891508 व फरीदाबाद पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर 9999150000 पर दें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## गर्मी बढ़ते ही जिला अस्पताल में बढ़ी भर्ती बच्चों की संख्या

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



बढ़ती गर्मी के साथ जिला नागरिक अस्पताल में छोटे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पताल में वर्तमान में लगभग 25 बच्चे भर्ती हैं। हालात यह हैं कि बाल चिकित्सा परिसर के साथ-साथ थैलेसीमिया वार्ड तक में बच्चों को भर्ती करना पड़ रहा है। अस्पताल में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि कई बेड पर दो-दो मरीजों को एक साथ रखना पड़ रहा है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों दस्त, उल्टी और पेट दर्द के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसकी मुख्य वजह गर्मी के साथ दूषित खानपान और साफ-सफाई की कमी को माना जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि छोटे बच्चों में संक्रमण जल्दी फैलता है, इसलिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

अस्पताल में भर्ती बच्चों के परिजनों ने भी व्यवस्थाओं को लेकर परेशानी जताई। संजय कॉलोनी के रहने वाले दीपक गुप्ता ने बताया कि उनके दो साल के बेटे शिवांश के पेट में अचानक दर्द शुरू हो गया, जो लगातार बना रहा। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाना पड़ा। वहीं जवाहर कॉलोनी की रहने वाली ममता देवी ने बताया कि उनके सात महीने के बेटे को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई, जो लगातार बढ़ती गई। मजबूरी में अस्पताल आना पड़ा, लेकिन यहां एक ही बेड पर दो मरीजों को रखा जा रहा है, जिससे काफी परेशानी हो रही है। मेरे दो साल के बेटे के पेट में अचानक तेज दर्द शुरू हो गया, जो रुक ही नहीं रहा था, इसलिए उसे अस्पताल लाना पड़ा।-दीपक गुप्ता

मेरे सात महीने के बच्चे को लगातार उल्टी-दस्त हो रहे थे, हालत बिगड़ने पर अस्पताल आए। बच्चे की हालत में सुधार तो है लेकिन यहां एक बेड पर दो मरीज होने से काफी परेशानी हो रही है।-ममता देवी

## बुजुर्ग महिला के घर से लाखों के गहने चुराने वाली सहायिका गिरफ्तार, गूगल पर सोने का भाव देखने पर खुलासा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



राजधानी दिल्ली के केशवपुरम इलाके में एक घरेलू सहायिका सुखवती ने 82 साल की बुजुर्ग मालकिन के घर से लाखों के गहनों की चोरी कर ली। चोरी करने के दौरान उसने कोई सुराग नहीं छोड़ा था, लेकिन पति की एक गलती ने उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दरअसल, पति के फोन की जांच में पता चला कि उसने वारदात के कुछ दिन पहले गूगल पर सोने का भाव देखा था। यहीं से पुलिस का शक गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी महिला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला सुखवती के कब्जे से ढ़ाई सौ ग्राम सोने के गहने बरामद कर लिए। पुलिस मामले की छानबीन कर उसके पति के अपराध में संलिप्तता की जांच कर रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि 15 अप्रैल को केशवपुरम थाना पुलिस को 82 साल की बुजुर्ग संतोष देवी के घर में लाखों के गहने चोरी होने की शिकायत मिली। मौके पर छानबीन के दौरान पीड़िता ने बताया कि घर से 250 ग्राम सोने के गहने चोरी हुए हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। साथ ही बुजुर्ग महिला के घर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ की। जिसमें उनकी घरेलू सहायिका सुखवती और उसका पति उमेश भी शामिल था। सुखवती ने घर में चोरी करने से इंकार कर दिया। लेकिन उसके पति उमेश के फोन की जांच में पुलिस को पता चला कि वारदात से कुछ दिन पहले उमेश ने गूगल पर सोने के भाव की जानकारी ली थी। उसके बाद पुलिस का शक गहरा गया और उसने दोनों से कड़ाई से पूछताछ की। जिसमें पता चला कि लालच में आकर सुखवती ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी घरेलू सहायिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही से लारेंस रोड स्थित झुग्गी से ढाई सौ ग्राम सोने के गहने बरामद कर लिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला पर पहले से कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

### पांच दिन पहले रखे गए घरेलू सहायक ने ही रची थी डकैती की साजिश

राजधानी के अति सुरक्षित लुटियंस इलाके में हुई हाई-प्रोफाइल डकैती ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि खतरा बाहर से कम और घर के भीतर से ज्यादा है। गोल्फ लिंक्स स्थित कारोबारी प्रवीण चावला की कोठी में हुई इस वारदात का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि पूरी डकैती की साजिश घर में पांच दिन पहले रखे गए घरेलू सहायक ने ही रची थी। पुलिस ने इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

## कई कॉलोनियों में चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** शुक्रवार को जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए कई कॉलोनियों में अतिक्रमण हटाया गया। यह अभियान 16 अप्रैल के सरकारी आदेश के अनुपालन में चलाया गया, जिसमें इरोस गार्डन, सेक्टर-39 और बीपीटीपी पार्कलैंड के सेक्टर-75, 76 और 77 शामिल रहे। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम ने इन क्षेत्रों में विशिष्ट भूमि या पट्टी वे पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। इनमें सुंदर बगीचा, पक्की दीवारें और गार्ड के लिए कमरा जैसे निर्माण शामिल थे। कुल मिलाकर करीब 220 प्लॉट्स के सामने से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे सड़कों और सार्वजनिक जगहों को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई ताकि पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड रखा जा सके। विशिष्ट भूमि या पट्टी वे पर सड़कों, सार्वजनिक रास्तों, केबलों, पाइप लाइनों या बिजली की लाइनों जैसी बुनियादी अवसंरचना के निर्माण, रखरखाव और उपयोग के लिए आरक्षित किया जाता है। इस अभियान को लेकर स्थानीय लोगों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ निवासियों ने प्रशासन के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि सड़कों और सार्वजनिक रास्तों पर कब्जे हटने से आवागमन सुगम होगा और कॉलोनियों की सुंदरता भी बनी रहेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## मायसा में रश्मिका का दिखेगा नया अवतार

भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में जुटी हुई हैं। उनकी आगामी पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म मायसा के लिए उनकी तैयारी ने इंडस्ट्री और फैंस दोनों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म न सिर्फ उनके अभिनय के नए आयामों को सामने लाएगी, बल्कि उन्हें एक सशक्त एक्शन स्टार के रूप में भी स्थापित कर सकती है। फिल्म में रश्मिका एक आदिवासी गोंड लड़की का भावनात्मक और शारीरिक रूप से मजबूत किरदार निभा रही हैं। इस भूमिका की आवश्यकताओं को देखते हुए, उन्होंने खुद को पूरी तरह बदलने का फैसला किया। इसी क्रम में, वह बैंकॉक पहुंचीं, जहां उन्होंने एक गहन स्टंट और मार्शल आर्ट्स बूटकैंप में हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, रश्मिका का दैनिक प्रशिक्षण शेड्यूल लगभग 8 घंटे का था, जिसमें हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट, हाई-स्पीड एक्शन मूवमेंट्स और एडवांस स्टंट तकनीकों का अभ्यास शामिल था।



## जरीन खान ने मां के निधन के बाद लिखी भावुक पोस्ट, छलका दर्द

बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान ने अपनी मां के निधन के बाद जरीन खान गहरे सदमे में हैं। अभिनेत्री ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक खास पोस्ट साझा किया, जिससे उनके प्रशंसकों और शुभचिंतकों को उनकी पीड़ा का अंदाजा हुआ। अपनी मां के साथ बिताए पुराने पलों का अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक मोंटाज वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जरीन और उनकी मां साथ में हंसती-खेलती और खुश नजर आ रही हैं। यह वीडियो उनकी गहरी बॉन्डिंग और अटूट प्यार को दशार्ता है, जिसमें हर तस्वीर उनकी मां के साथ बिताए अनमोल क्षणों की गवाह है। वीडियो के साथ लिखा गया उनका भावुक नोट उनके दिल के दर्द को साफ बयां करता है, जिससे उनके चाहने वाले भी गमगीन हो गए हैं। इस बेहद भावुक पोस्ट में जरीन ने अपनी मां के लिए मार्मिक शब्द लिखे, निश्चय ही हम ऊपरवाले के हैं और एक दिन हमें वहीं जाना है। मां, आपको गए हुए अभी बस 10 दिन हुए हैं। मैं दुनिया के लिए कोई बड़ा कैप्शन नहीं लिखूंगी, क्योंकि आप पहले से ही जानती हैं कि मैं अभी क्या महसूस कर रही हूं।



# एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने

## जताई इंडिपेंडेंट सिनेमा के भविष्य पर चिंता

अक्सर विभिन्न सामाजिक और फिल्मी मुद्दों पर एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर ऋचा चड्ढा खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंडिपेंडेंट सिनेमा के भविष्य पर गहरी चिंता व्यक्त की है, आखिर इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स लगातार कमर्शियल एक्टर्स को क्यों कास्ट करते हैं? अभिनेत्री का मानना है कि ऐसे कलाकार उन कहानियों के लिए न तो बॉक्स-ऑफिस पर दर्शकों को आकर्षित कर पाते हैं और न ही किसी इंडिपेंडेंट फिल्म को प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में कोई विशेष साख दिला पाते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, अगर कोई एक्टर शुक्रवार को आपकी फिल्म को थिएटर में ओपनिंग नहीं दिला पाता और न ही फेस्टिवल्स में कोई खास वजन जोड़ पाता है, तो फिर एक इंडिपेंडेंट फिल्म में उसे कास्ट करने का आखिर फायदा क्या है? यह सवाल सीधे तौर पर इंडिपेंडेंट फिल्ममेकिंग की कास्टिंग रणनीतियों की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऋचा चड्ढा ने स्पष्ट किया कि वह किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रही हैं, लेकिन उन्होंने ट्रेंड या प्रशिक्षित एक्टर्स के महत्व पर जोर दिया, जो कमर्शियल सितारों की तुलना में इंडिपेंडेंट फिल्मों के लिए कहीं अधिक उपयुक्त होते हैं। उनके अनुसार, प्रशिक्षित कलाकारों के साथ कम से कम यह भरोसा रहता है कि उनकी परफॉर्मेंस की क्वालिटी बनी रहेगी, जो फिल्म की कलात्मक अखंडता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऋचा ने कहा कि इंडी फिल्मों के पीछे भी अक्सर कमर्शियल सोच होती है, लेकिन कुछ कहानियों को भीड़ खींचने के लिए हमेशा इतने बड़े चेहरों की जरूरत नहीं होती। ऐसे में, एक ऐसे एक्टर को हायर करना ज्यादा किफायती होता है जो कम बजट में भी फिल्म को साख दिला सके और उसके साथ आने वाले लोगों का खर्च भी न बढ़ाए, जिससे फिल्म का कुल बजट नियंत्रण में रहे। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, किसी भी एक्टर की काबिलियत या अहमियत को कम न करते हुए, मेरा मकसद यह है कि अगर इंडी फिल्मों को 2026 में सचमुच टिके रहना है, तो हमें यह समझना और सीखना होगा कि दर्शक अच्छी कहानियां देखना चाहते हैं, ऐसे काबिल एक्टर्स के साथ जो बजट पर भारी न पड़ें। ऋचा ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिपेंडेंट सिनेमा की बुनियाद हमेशा से ही रिस्क लेने, असलियत और मजबूत कहानी कहने पर टिकी रही है। उन्होंने कहा, इंडी फिल्मों का मकसद नई आवाजों, एक्टर्स, लेखकों और टेक्नीशियन्स को सामने लाना होता है, जो फिल्म में कुछ नयापन और ईमानदारी ला सकें।

# गुरुग्राम में मीका सिंह का धमाका, जेनिथ 2026 में छात्रों को झूमने पर किया मजबूर

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 अप्रैल।

Mika Singh ने World College of Technology and Management में आयोजित जेनिथ 2026 सेलिब्रिटी नाइट में अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में धूमधाम से किया गया, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने हिस्सा लिया। कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा के अनुसार, इस खास मौके पर मीका सिंह ने अपने सुपरहिट गीतों जैसे 'ढिंका चिका', 'जुम्मे की रात', 'आंख मारे', 'मौजा ही मौजा' और 'ये शाम मस्तानी' से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके स्टेज पर आते ही पूरे पंडाल में तालियों और उत्साह की गूंज सुनाई दी।




कार्यक्रम में एमसीए, एमबीए, बी.टेक, बीबीए, बीसीए और अन्य कोर्सेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सिंगर के साथ गानों पर थिरकते नजर आए। कॉलेज के मैनेजिंग ट्रस्टी कुंवर निशांत सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं, जिससे उन्हें पढ़ाई के साथ मनोरंजन का भी अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि कॉलेज समय-समय पर Yo Yo Honey Singh, Bohemia और Sonu Nigam जैसे बड़े कलाकारों को भी आमंत्रित कर चुका है। कॉलेज Maharshi Dayanand University से संबद्ध है और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में शामिल है।

## फटाफट खबरें

### जापान ने हथियारों के निर्यात से प्रतिबंध हटाये

**टोक्यो, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** जापान की सरकार ने अपने हथियार निर्यात नियमों में संशोधन किया है, जिसके तहत हथियारों के निर्यात पर लगायी गयी पाबंदी को हटा लिया गया है। यह जानकारी मंत्रिमंडल के मुख्य सचिव मिनोरू किहारा ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा, 'आज, मंत्रिमंडल की बैठक में हथियार निर्यात के तीन सिद्धांतों में से कुछ में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। ये निर्णय हमारे देश के आसपास तेजी से बदलती सुरक्षा स्थिति में जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। हमारे देश और इस क्षेत्र में शांति बनाये रखने के लिए हथियार निर्यात को बढ़ावा देना और सहयोगी देशों की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है।' उन्होंने कहा कि हथियार निर्यात जापान के रक्षा उद्योग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, ' (अन्य देशों को) हथियारों के हस्तांतरण को बढ़ावा देने से रक्षा उद्योग और तकनीकी आधार मजबूत होगा, जो स्व-रक्षा बलों की युद्धक क्षमता को समर्थन देता है।' उन्होंने कहा कि जापान शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाये रखेगा।'

### धमकियों के बीच अमेरिका से बातचीत नहीं करेगी ईरानः गालिबाफ

**तेहरान, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** ईरान ने धमकी के दबाव में अमेरिका के साथ बातचीत करने से इनकार किया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने ईरान को समझौता करने के लिए मजबूर करने के मकसद से अमेरिका की ओर से अपनाये जा रहे हथकंडों (जिसमें नौसैनिक नाकेबंदी भी शामिल है) की कड़ी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध के मैदान में अपने नये पत्ते खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री गालिबाफ ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाकेबंदी करके और संघर्ष-विराम का उल्लंघन करके एक तरह के भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, 'श्री ट्रंप नाकेबंदी करके और संघर्ष-विराम का उल्लंघन करके बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहते हैं, या फिर से युद्ध भड़काने की अपनी मंशा को सही ठहराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दबाव बनाने के इन हथकंडों से बातचीत की मेज पर कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है। श्री गालिबफ ने कहा, ' हम धमकियों के साये में बातचीत स्वीकार नहीं करेंगे... पिछले दो हफ़्तों के दौरान हमने खुद को युद्ध के मैदान में अपने नये पत्ते खोलने के लिए तैयार कर लिया है।

### जर्मनी के मोएर्स गुरुद्वारे में चुनावों को लेकर हिंसक झड़प, 11 लोग घायल

**बर्लिन, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** जर्मन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जर्मनी के मोएर्स शहर के डुइसबर्ग इलाके में एक गुरुद्वारे के अंदर हिंसक झड़प होने से कम से कम 11 लोग घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की और विशेष सामरिक इकाइयों को तैनात किया। खबरों के मुताबिक, इस घटना में करीब 40 लोग शामिल थे और यह धार्मिक परिसर के अंदर तेजी से एक हिंसक झड़प में बदल गई। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो, जिनके बारे में दावा किया जा रहा है कि वे गुरुद्वारे के अंदर के हैं, उनमें दो गुटों के सदस्यों को हिंसक झड़प करते हुए देखा जा सकता है।

## ईरान के विदेश मंत्री ने कहा, अमेरिकी कार्रवाइयों से शांति वार्ता की निरंतरता पर खतरा



**तेहरान, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका की 'उकसाने वाली कार्रवाइयां' और युद्धविराम उल्लंघन दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को जारी रखने में बड़ी बाधाएं हैं। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका की 'उकसाने वाली कार्रवाइयां' और युद्धविराम उल्लंघन दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को जारी रखने में बड़ी बाधाएं हैं। अपने पाकिस्तानी और रूसी समकक्षों के साथ अलग-अलग फोन वाताओं के दौरान अराघची ने ईरानी वाणिज्यिक जहाजरानी के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा की, जिसमें कंटेनर पोत टौस्का और उसके चालक दल की कथित जब्ती भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, उन्होंने वॉशिंगटन की 'विरोधाभासी नीतियों और धमकी भरी बयानबाजी' का भी हवाला दिया। 8 अप्रैल को 40 दिनों की लड़ाई के बाद लागू हुआ युद्धविराम अभी भी नाजुक बना हुआ है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने तेहरान और वॉशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष वाताओं में मध्यस्थता की है और 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की मेजबानी की लेकिन ईरान ने अगले दौर में भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। ईरान की अर्ध-आधिकारिक तसनीम समाचार एजेंसी ने बताया कि तेहरान की भागीदारी वॉशिंगटन द्वारा पूर्व शर्तें पूरी करने पर निर्भर करती है।

# ईरान ने कई बार किया संघर्ष विराम का उल्लंघन : ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर फिर सोशल पोस्ट के जरिए हमला बोला है। इस बार कोई लंबी चौड़ी बात नहीं लिखी महज एक पंक्ति में धमकी दी है। अस्थायी संघर्ष विराम की मियाद खत्म होने से पहले ट्रंप के इस छोटे पोस्ट में बड़ी बात है।

ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा- ईरान ने कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति का ये बयान तब सामने आया है जब अस्थायी संघर्ष विराम की समय सीमा खत्म होने को है और इस्लामाबाद टॉक्स के दूसरे दौर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। 8 अप्रैल (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे) को संघर्ष विराम का ऐलान किया गया था। दोनों ओर विश्वास और भरोसे की कमी स्पष्ट दिख रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन हों, स्पीकर एमबी गालिबाफ हों या फिर विदेश मंत्री अब्बास अराघची, सभी एक सुर में यूएस की मंशा पर संशय कर रहे हैं। हालिया बयान में, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका की 'उकसाने वाली कार्रवाइयां' और युद्धविराम उल्लंघन दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को जारी रखने में बड़ी बाधाएं हैं।

अपने पाकिस्तानी और रूसी समकक्षों के साथ अलग-अलग फोन वाताओं के दौरान अराघची ने ईरानी वाणिज्यिक जहाजरानी के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा की, जिसमें कंटेनर पोत टुस्का और उसके चालक दल की कथित जब्ती भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, उन्होंने वॉशिंगटन की 'विरोधाभासी नीतियों और धमकी भरी बयानबाजी' का भी हवाला दिया। 8 अप्रैल को 40 दिनों की लड़ाई के बाद लागू हुआ युद्धविराम अभी भी नाजुक दौर में है। पाकिस्तान ने तेहरान और वाशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष वाताओं में मध्यस्थता की और 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की मेजबानी की थी।

## फोटो स्टोरी




**वेस्टबैंक के तर्कयूमिया शहर में इजरायली बुलडोजरों ने एक फिलिस्तीनी के दो मंजिला भवन को धवस्त कर दिया।**

## अमेरिकी सेना के जब्त किए गए ईरानी कार्गो जहाज से जुड़ा है चीन का संबंध

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ओमान की खाड़ी में अमेरिकी बलों द्वारा जब्त किया गया ईरानी कार्गो जहाज उन जहाजों के बेड़े का हिस्सा था, जिसका संबंध चीनी बंदरगाहों और संदिग्ध आपूर्ति मार्गों से था।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक एमवी टौस्का नामक ईरानी झंडे वाला कंटेनर जहाज, उन जहाजों के नेटवर्क से जुड़ा हुआ है जो अक्सर चीन जाते हैं और जिन पर संभावित सैन्य उपयोग वाली सामग्रियों के परिवहन का आरोप रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश के बाद रोका गया और बाद में चेतावनी के तौर पर चलाई गई गोलियों से इसका इंजन निष्क्रिय करने के बाद अमेरिकी बलों ने उस पर चढ़ाई की। द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा उद्धृत शिपिंग डेटा के अनुसार जब्त किए जाने से पहले के



हफ्तों में यह जहाज दो बार दक्षिणी चीन के झुहाई बंदरगाह पर गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि टौस्का एक प्रतिबंधित ईरानी कंपनी द्वारा नियंत्रित है, जिस पर तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए सामान ढोने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह खुलासा नहीं किया है कि जहाज में क्या सामान था। विश्लेषकों का कहना है कि सक्रिय नाकेबंदी को पार करने की कोशिश यह संकेत देती है कि माल महत्वपूर्ण हो सकता है। पूर्व अमेरिकी नौसेना अधिकारी चार्ली ब्राउन ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल से कहा, 'नाकेबंदी तोड़ने का जोखिम उठाना उनके लिए फायदेमंद लग रहा होगा लेकिन उन्होंने गलत निर्णय लिया।'

## विवादों के बीच लोरी चावेज-डेरेमर ने ट्रंप के मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 21 अप्रैल।** अमेरिका की श्रम सचिव लोरी चावेज-डेरेमर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान विवादों के बीच दो महीनों के भीतर कैबिनेट छोड़ने वाली तीसरी सदस्य बन गई हैं। व्हाइट हाउस के संचार प्रमुख स्टीवन च्यांग ने सोमवार को सोशल साइट एक्स पर उनके पद छोड़ने की घोषणा की और कहा कि वह निजी क्षेत्र में जा रही हैं। चावेज-डेरेमर पर आरोप लगे थे कि उनका अपने सुरक्षा दल के एक सदस्य के साथ संबंध था, उन्होंने निजी यात्राओं को आधिकारिक दौरों के रूप में दिखाया, अपने कार्यालय में शराब पी और अपने दफ्तर में अव्यवस्था फैलाई। हाल में इस्तीफा देने वाले तीनों कैबिनेट अधिकारी महिलाएं हैं।



## अमेरिका ने ईरान का जहाज जब्त किया, तेहरान ने जवाबी कार्रवाई का लिया संकल्प

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 अप्रैल।**

अमेरिका ने अरब सागर में ईरान के ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर गोलीबारी करने के बाद उसे जब्त कर लिया है। तेहरान ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। फिर से तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, अमेरिकी नेवी ने ईरानी झंडे वाले जहाज एम/वी तासिका पर तब गोलीबारी की, जब उसने ईरानी बंदरगाहों पर लगाए



गए नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश की।

सेंटकॉम की ओर से बताया गया कि अमेरिकी सेना ने कार्रवाई करने से पहले, छह घंटे तक चले गतिरोध के दौरान बार-बार चेतावनी दी। कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना ने कई बार चेतावनी दी और ईरानी झंडे वाले जहाज को सूचित किया कि वह अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहा है।

जब जहाज के चालक दल ने आदेश का पालन नहीं किया, तो एक अमेरिकी गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर ने जहाज के इंजन रूम को निशाना बनाया, जिससे उसका प्रोपल्शन सिस्टम (आगे बढ़ने का तंत्र) निष्क्रिय हो गया।

यह ऑपरेशन इस महीने की शुरूआत में वाशिंगटन की ओर से ईरानी समुद्री गतिविधियों पर नाकाबंदी लगाए जाने के बाद से, बल प्रयोग का पहला ज्ञात मामला है; इसने होर्मुज जलडमरूमध्य पर केंद्रित टकराव में तनाव को काफी बढ़ा दिया है।

ईरानी अधिकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वाशिंगटन पर आक्रामकता का आरोप लगाया। फॉक्स न्यूज की ओर से जारी एक बयान में, ईरान के खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय ने चेतावनी दी कि हम चेतावनी देते हैं कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की सशस्त्र सेनाएं जल्द ही अमेरिकी सेना की ओर से की गई इस सशस्त्र समुद्री डकैती का जवाब देंगी और जवाबी कार्रवाई करेंगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *